हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



RJGN_BHOOMI_19_2024-02_Layout 1 18-07-2024 22:31 Page 1



## खबर संक्षेप



### शाला भवन में प्रिंटरिच

**मुरमुंदा।** शासकीय प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव कुमार चन्द्रवंशी की पहल से शाला भवन को आकर्षक एवं बच्चो में शैक्षणिक गुणवत्ता विकसित करने प्रिंटरिच वातावरण तैयार किया गया है।

### जनसामान्य को सिकल सेल से करें जागरूक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है। जिसका सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल सेल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। सिकल सेल बीमारी के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करने पर यह समस्या कम की जा सकती है। पीड़ित व्यक्ति सावधानी बरतने एवं समय पर दवाई लेने से सिकल सेल से राहत मिल सकती है। सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क सिकल सेल जांच जरूर कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकल सेल की जानकारी देने जिले में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा रही है, ताकि सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति को सही समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जा सके। सिकल सेल बीमारी के प्रति जागरूकता लाने कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिले में 3 लाख 73 हजार से अधिक लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग कराया गया है।

## नदियों से रेत का बेजा खनन और परिवहन लगातार जारी

# रेत से भरे वाहनों को छोड़ा, बवाल मचने के बाद कांग्रेसजनों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र के मुड़पार में रेट की अफरातरफी का खुलासा होने के बाद अब रेत से भरे वाहनों को बिना कार्रवाई के छोड़ने पर बवाल मच गया है। इस मामले को लेकर विधायक दलेश्वर साहू सहित कांग्रेस जनों ने गुरूवार को तीखे तेवर दिखाते हुए स्टेट हाइवे पर चक्कजाम आंदोलन किया।

उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद और सीएमओ ने घुमरिया ( बगदाई) नदी में दबीश दिया था। उन्होंने मौके से पांच वाहनों को रेत लोड करते हुए जप्त कर थाने में खडे. करवा दिया था। इस दौरान भाजपा के लोगों पर बगदई, मटिया, दर्री, साल्हे सहित अन्य स्थानों से रेत की निकासी पर कथित रूप से प्रति ट्रिप 500 रुपए वसूल करने का आरोप लगा था।

### अब होगा उग्र आंदोलन

इस मौके पर विधायक साहू ने दो टूक शब्दों में कहा कि अधिकारियों ने नेताओं के दबाव में रेत के खान, शराब की अवैध बिक्री, जुआ, सट्टा जैसे अनैतिक धंधों को संरक्षण दिया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जप्त वाहनों को बिना कार्रवाई के छोड़ने के मामले की जांच और कार्रवाई नहीं किया गया तो अब उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### कार्रवाई से परहेज

अनुभागीय मुख्यालय से करीब एक से डेढ़ किमी की दूरी पर स्थित घुमरिया नदी में रैम्प बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की आड़ में रेत की निकासी किया जा रहा था जबकि किसी भी हितग्राही ने रेत के लिए नगर पंचायत ने आवेदन नहीं दिया था। बताया जाता है कि हितग्राहियों की आड़ में रेत के कारोबारियों द्वारा रेत की निकासी कर मंहगे में बेचा जा रहा है। विभिन्न नदियों से रेत के अवैध खनन और परिवहन के बाद भी खनिज और राजस्व विभाग कार्रवाई को लेकर मौन है।

### जब्त वाहनों को छोड़ा

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद और सीएमओ ने बीते शनिवार को वाहन क्रमांक सीजी 08 बी 2219, सीजी 09 बी 1456, सीजी 09 बी 15 *4, सीजी 09 एल 0237 और सीजी 08/ 3493 को जप्त कर थाने में खड़े करवा दिया था। इन वाहनों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया है। इस खुलासे के बाद विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन करते हुए स्टेट हाइवे पर करीब एक घंटे तक चक्काजाम आंदोलन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। इस मौके पर एसडीम को ज्ञापन सौंपकर बरगांव, साल्हे, जामसरार, बगदई एवं दर्री से हुए रेत खनन की जांच, दोषियों से क्यूबिक मीटर के हिसाब से वसूली करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम मनोज मरकाम के आश्वासन बाद आंदोलन समाप्त किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, एलबी नगर ब्लाक अध्यक्ष हीरा सोनी, नपं अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, प्रियंक जैन, रजत साहू, मोहनीश साहू, मोहन अय्यर, नरेंद्र साहू, वैशाली बोरकर, राकेश साहू, महेंद्र वैष्णव, दीपक देवांगन, अशोक मालेकर, कमल वैष्णव, अखलेश नखत,रवि शुक्ला, रौशन यदु आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## पुलिस बल ने किया जंगल में पौधरोपण



**छुईखदान।** बकरकट्टा कैम्प में तैनात आईटीबीपी के जवानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में बकरकट्टा एरिया एवं नवागांव में पौधरोपण किया। इस मौके पर ग्रामीणों को रोपने के लिए पौधे दिए गए। सहायक सेनानी श्रीनिवास के नेतृत्व में आयोजित कार्यकम में नवागांव सरपंच रामलाल, पुलिस के जवान आदि शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीण सहित छात्र छात्राओं को पौधारोपण का महत्व और उपयोगिता की जानकारी दी गई। जवानों सहित छात्र छात्राओं ने 75 पौधे लगाकर सुरक्षा और संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बकरकट्टा क सहायक उप निरीक्षक नारायण सिन्हा, आईटीबीपी इंस्पेक्टर जैकब राम जारलिन, सब इंस्पेक्टर राजसिंह आदि मौजूद थे।

### थाना परिसर में पौधारोपण

**घुमका।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को टीआई बसंत बघेल, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, हिंसाराम वर्मा एवं थाना स्टाफ ने पौधरोपण किया। इस मौके पर टीआई श्री बघेल ने कहा कि शुद्ध हवा के लिए पेड़ों का होना जरूरी है। सरपंच वर्मा ने बताया कि सभी शासकीय सहित अन्य संस्थाओं में पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं को एक एक पौधा प्रदान किया गया।

# शिक्षकों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया। इस दौरान शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने, क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जिला सचिव जीवन वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय को पूर्व नियुक्त शिक्षकों को संविलियन के समय 10 वर्ष की सेवा पूर्ण नही होने पर पुरानी पेंशन के लिए अपात्र होने सहित क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने के संबध में अवगत कराया गया। इस दौरान शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, चंद्रिका यादव, बृजेश वर्मा, महेश ऊके, संदीप साहू, राजेश साहू, रतिराम कन्नौज, आदित्य तिवारी, विद्यानंद डोंगरे, संतोष टेमरे, भुवाल साहू, कृष्ण यादव, सुकालूराम वर्मा, भोजराम धुर्वे, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा, पंचशीला सहारे, राजकुमारी जैन, नीरज बाला डोंगरे, फ्लेश साहू, बृजभूषण राजपूत, राजेश राजपूत, चुम्मन देवांगन, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र साहू, नरेंद्र सहित अन्य मौजूद थे।

# तपते गुजरा आषाढ़, जल संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अषाढ़ माह को समाप्त होने में अब गिनती के दिन शेष है किन्तु क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है जिससे नदी, नाले और कुएं सूखने लगे है। बारिश के सीजन में भी लोगों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए जल संकट से जूझना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या किसानों के सामने खड़ी हो गई है। खेतों में पानी का पर्याप्त भराव नहीं होने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों के पास बोर नहीं है वह बोनी और रोपा लगाने के लिए बेहतर बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नदियां अब तक सूखी नजर आ रही है। नालों में भी पानी नहीं है। अल्पवर्षा और बोर के लगातार चलने से जल स्तर नीचे चला गया है जिसके नगर के कई बोर फेल हो गए है और लोगों को पेयजल सहित निस्तारी के लिए दिक्कते आने लगी है।



### लिकेज से व्यर्थ बह रहा पानी

नगर पंचायत के वार्ड 5 में बने सामुदायिक शौचालय में पानी के लिए नल कनेक्शन दिया गया है। नल कनेक्शन के पाइप में लिकेज होने के कारण कई हफ़्तों से पानी व्यर्थ ही बहकर नाली में जा रहा है। अब तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सार्वजनिक नल एवं निजी नल कनेक्शनों में टोटियां नही होने के कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहते रहता है।पानी की बर्बादी को रोकने नलों में टोटियां लगाने की पहल अब तक नहीं की गई है।

### दुरूस्त कराने कहा गया

नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने बताया कि कर्मचारियों को लिकेज तुरंत ठीक करने एवं नलों में टोटियां लगाने बोल दिया गया है। नगर में पानी की किल्लत को देखते हुए मुनादी कराकर पानी की बचत करने लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

# चुनाव में क्यों हारी भाजपा? समीक्षा करें कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक सामुदायिक भवन में रखी गई।बैठक में सांसद संतोष पांडे, जिला प्रभारी कोमल जंघेल, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। सर्वप्रथम भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

जिला अध्यक्ष मदन साहू ने स्वागत भाषण दिया। जिला उपाध्यक्ष खोरबहरा यादव ने उद्घाटन भाषण दिया। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर बधाई प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष रमेश हिडामे ने रखा। जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी ने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन किया। जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष लखन कलामें के संबोधन बाद पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### कार्ययोजना से कराया अवगत

जिला प्रभारी कमल जंघेल ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी 3 महीना के लिए बनाए गए नए कार्यों की योजना बताया। उन्होंने बताया कि जिला कार्य समिति की बैठक हर तीन माह में आहूत की जाएगी जिसमें पूर्व के कार्यों की समीक्षा एवं नए कार्यों को बताया जाएगा। सांसद संतोष पांडे ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा करने के निर्देश दिए। संचालन जिला महामंत्री नम्रता सिंह एवं आभार व्यक्त राजू टांडिया ने किया। बैठक में राजकिशोर खंडेलवाल, कंचनमाला भुआर्य, पवन गुप्ता, योगेंद्र कोडपे, कमलेश सारस्वत, रियाजुद्दीन राजू कुरैशी, आलोक श्रुति, मोहन जैन, विजय जैन, सतीश दुबे, एलेन्द्र त्रिपाठी, देवप्रसाद नेताम, गुलाब गोस्वामी, रतन तारम, शत्रुघन चुरेन्द्र, राजेश सिंगी, अविनाश त्रिपाठी, योगेंद्र सिंगने, राधिका अंधारे, संगीता मिश्रा, नोहर सिंह, धनंजय, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुंभकार,गौरी शंकर गुरले, सतीश शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, आशीष द्विवेदी, सैयद अजहरुद्दीन, सुरेश नेताम, निखिल झा, शत्रुघ्न कोलियारे आदि उपस्थित थे।

### उत्तम ठाकुर बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



**खैरागढ़।** प्रोफेशनल्स कांग्रेस के राजनांदगांव जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह ठाकुर को जिले में कांग्रेस का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर चिखलदाह निवासी कांग्रेस नेता उत्तम सिंह ठाकुर का नियुक्ति आदेश जारी किया है जिसमें उनको वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए पार्टी की रीति नीति व सिद्धांतो का अनुसरण कर कांग्रेस को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि इलाके मे बीबीसी ब्रदर्स के नाम से मशहूर व्यावसायिक कंपनी से जुड़े उत्तम सिंह ठाकुर ने इंदिरा कला संगीत विवि से मास्टर आफ फाइन आट्र्स की डिग्री हासिल की लेकिन किसानी कार्य को प्राथमिकता देते हुए लगातार किसान हित को लेकर काम कर रहे है।

## विष्णुपुर के भागवत को प्रदेश महामंत्री का दायित्व



**खुर्सीपार।** छात्र युवा मंच परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा संगठन के 13 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा और प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन में किया गया। रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विष्णुपुर निवासी भागवत वर्मा को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार श्री वर्मा ने 2013 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। शुरुआती दौर में रक्तदान शिविर आयोजित करने पर युवा रक्तदान करने से घबराते थे जिससे बामुश्किल 15 से 20 युवा ही रक्तदान करने आगे आते थे। संगठन की निरंतर प्रयास और जागरूकता के परिणाम से अब रक्तदान करने वाले युवाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। छात्र युवा मंच परिवार को पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड 97 वां रक्तदान शिविर आयोजित करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

### इतिहास रचने की तैयारी

जानकारी के अनुसार आगामी 22 जनवरी 2025 भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर छात्र युवा मंच के 100 वां रक्तदान शिविर आयोजित करने की तैयारी में है। इस शिविर में रिकार्ड 1000 युवा एक साथ रक्तदान करेंगे।

### बैठक में मंदिर की व्यवस्था पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ कालीबाड़ी समिति की आकस्मिक बैठक रखी गई। बैठक में पुरोहित विश्वजीत पांडा के सड़क हादसे में निधन बाद मंदिर की व्यवस्था, पूजा पाठ एवं श्री पांडा के परिवार को सहायता पहुंचाने पर चर्चा हुई। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष अशोक, विश्वजीत राय, कुणाल, सुभाष चंद्र दे, सुमित बोस, सुप्रदीप नाथ, असीम मलिक, अजीत दास तथा अन्य उपस्थित थे। बैठक के उपरांत दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सुरक्षा का दिया आश्वासन, कहा : सहयोग करने पुलिस तैयार

# नक्सल त्रासदी भोगते ग्रामीणों के बीच पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के अंतिम तथा महाराष्ट्र के मुहाने पर स्थित नक्सल प्रभावित पुकदा, संबलपुर, कोराचा, बुकमरका में राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस कप्तान यशपाल सिंह ने काला पानी की तरह जीवन जी रहे आदिवासियों को शांति और सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

हाईस्कूल कोराचा में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, एएसपी मयंक गुर्जर, आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट प्रवीण नारंजे ने पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों को सामाजिक आयोजन के लिए बर्तन सेट प्रदान किया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, कोहका थाना प्रभारी खोमन भंडारी, प्राचार्य श्री निरापुरे, सरपंच प्रमिला तुलावी, उप सरपंच पुराणसिंह उइके, मनुराम, भगतसिंह, मानसिंह तुलावी, बिसरुराम कड़ियाम, तजऊराम दुग्गा और मेहरूराम हिडाम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




### पुलिस से डरे नहीं वह मित्र है

इस मौक़े पर आईजी दीपक झा ने लोगों से कहा कि वह पुलिस से डरे नहीं। पुलिस आपकी मित्र है और आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ी रहती है। उन्होंने आगे कहा कि संबलपुर में आईटीबीपी का सुरक्षा कैम्प शुरू हो गया है। किसी भी तरह की समस्या होने पर कैंप पहुंच कर वहां उपस्थित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### बच्चों को दिया खेल सामग्री

अफसरों ने शासकीय स्कूल बुकमरका, पुगदा, संबलपुर और कोराचा के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें खेल सामग्री वितरित किया। बच्चों को क्रिकेट बैट, बाल, स्टम्प, शतरंज, कैरम, फुटबाल, व्हालीवाल, नेट, स्किपिंग रोप, बैडमिंटन रेकेट, नेट, कॉक दिया गया। इस मौक़े पर आईजी श्री झा ने पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान देने पर जोर दिया।

### जल्द पहुंचेगी बिजली

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने इस मौक़े पर लोगों को बताया कि क्षेत्र में बिजली लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । शीघ्र ही क्षेत्रवासियों का घर और गली रोशन होंगे, बिजली के समस्या के साथ अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ भी लोगों को मुहैया कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने इस मौके पर कहा कि पुलिस न सिर्फ थाना में बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रही है बल्कि वह अब गांव जाकर लोगों से रुबरू होकर समस्याओं का निराकरण कर रही है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024



### 69 गांव से रजिस्ट्री पर बैन भी हटेगा, दो साल पहले मिली थी मंजूरी

# रायपुर से हैदराबाद के बीच प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट केंद्र ने किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रायपुर से राजनांदगांव जिला होते हुए हैदराबाद तक बनने वाले एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट को काम शुरू होने से पहले ही टाल दिया गया है। दो साल पहले इस एक्सप्रेस-वे को अनुमति देने वाले केंद्र ने हाल ही में एक आदेश जारी कर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने से मना कर दिया है। इधर प्रोजेक्ट के रद्द होने के बाद अब इसके दायरे में आने वाले अविभाजित जिले के करीबन 69 गांव से जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगे बैन को भी हटाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 17 अक्टूबर 2022 को केंद्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आदेश जारी कर रायपुर से हैदराबाद के लिए नया एक्सप्रेस-वे प्लान किया था। इसके लिए आदेश जारी कर उस दौरान केंद्र सरकार ने मंजूरी भी दी थी। सर्वे के बाद जमीन अधिग्रहण के लिए कार्रवाई शुरू करने की दिशा में भी काम शुरू कर दिया गया था।

राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, बालोद सहित दुर्ग जिले में इसके दायरे में आने वाले गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री को भी प्रतिबंधित कर दिया गया था, लेकिन अब दो साल बाद काम शुरू होने की उम्मीद से पहले ही केंद्र सरकार ने इस पूरे प्रोजेक्ट को ही कैंसिल कर दिया है।

### फारेस्ट क्षेत्र भी बना रोड़ा

रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस-वे के निर्माण में केंद्र सरकार द्वारा हाथ पीछे किए जाने के पीछे एक बड़ा कारण फारेस्ट क्षेत्र भी है। मोहला, मानपुर से लेकर गढ़चिरौली के एक लंबे इलाके की जमीन वन भूमि है। यही कारण है कि वन क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए जमीन लेने की प्रक्रिया काफी लंबी है। वहीं राजनांदगांव और डोंगरगांव इलाके में इस प्रोजेक्ट के पहले ही कुछ लोगों ने व्यापक पैमाने पर वर्गफीट में जमीन की रजिस्ट्री करा ली थी। जिसके कारण मुआवजे की रकम भी बढ़ गई।



### केंद्र के झटके से भू माफियाओं के उड़े होश

रायपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे बनने की खबर मिलते ही कुछ स्थानीय भू-माफियाओं ने मुनाफा कमाने के लिए इस रूट पर जमीन की खरीदी कर ली थी। मुआवजे की आड़ में मुनाफाखोरी के सपने देख रहे भू-माफियाओं को भी इस एक्सप्रेस-वे के रद्द होने से बड़ा झटका लगा है। बताया गया कि शहर के ही दो-तीन भाजपा नेताओं ने बड़ा पैसा इस रूट की जमीन पर लगाया था। जमीन की रजिस्ट्री में एकड़ की बजाय वर्गफीट में कराई गई थी, ताकि मुआवजे ज्यादा मिल सके। इधर इस मामले में हाईवे की जमीन के लिए सर्वे करने वाले अफसरों की भी मिलीभगत सामने आई थी।

**इन जिलों से बनना था एक्सप्रेस-वे** : प्रस्ताव के मुताबिक यह रायपुर से दुर्ग, राजनांदगांव, गढ़चिरौली, गोंदपीपरी, आदिलाबाद, मैनरेरियल, रामागुंडम और करीमनगर होते हुए हैदराबाद पहुंचेगा। इसमें छत्तीसगढ़ के अंदर 104 किलोमीटर और महाराष्ट्र में 77 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे बनना है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को मिलाकर टोटल 181 किलोमीटर की सड़क बनेगी। बाकी 338 किलोमीटर की सड़क आंध्रप्रदेश में बनेगी।

### दूरी में आती कमी, जल्द पहुंचते हैदराबाद

इस एक्सप्रेस-वे को बनाए जाने के बाद राजधानी रायपुर से हैदराबाद की दूरी भी कम होने की बातें कही गई थी। फिलहाल रायपुर से हैदराबाद जाने के लिए 780 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। नया एक्सप्रेस -वे बनने के बाद सीधे-सीधे ढाई सौ किलोमीटर की दूरी कम होने का दावा किया गया था। यानी हैदराबाद की दूरी 530 किलोमीटर हो जाती। वहीं सफर में करीबन चार घंटे का समय भी बचता। हालांकि अब इस प्रोजेक्ट को टाल दिया गया है।

### साढ़े चार हजार करोड़ का प्रोजेक्ट

इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए सामान्य भूमि की दोनों तरफ मिलाकर 70 मीटर और जंगल के भीतर 45 मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जहां-जहां से एक्सप्रेस-वे गुजरेगा, उसके साथ लगी 506 हेक्टेयर जमीन महाराष्ट्र और 717 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। इसकी लागत लगभग चार हजार करोड़ रुपए बताई गई थी।

### दो साल से 69 गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगा था प्रतिबंध, एक-दो दिनों में हटेगा

राजनांदगांव ब्लॉक में सिंघोला, सुरगी, महराजपुर, ढोड़िया, जंगलेशर, कोटराभांठा, आरला, मोखला, कुसमी, भर्रेगांव, टेडेसरा, इंदवानी, पार्रीखुर्द, सांकरा, टेड़ेसरा, देवादा एवं सोमनी गांव से होकर यह सड़क गुजरेगी। छुरिया ब्लॉक में ग्राम दैहान, घुपसाल, लाटमेटा, नरेठीटोला, सागर, कुमरदा, आमगांव, भंडारीभरदा, चांदो, मुचेदंड, कन्हारपुरी, देवरी, पंगरीकला, बेजरतोला, साल्हे, मनहोरा, अछोली। डोंगरगांव ब्लॉक में मोहड़, करियाटोला, माथलडबरी, बेंदरकट्टा, दर्री, खुज्जी, बघमार, करेठी, भटगुना, नादिया, खुर्सीपार, भाखरी, रीवागहन, कुतुलबोड भांठागांव। मोहला-मानपुर-चौकी जिले में भी 42 किमी सड़क गुजरने वाली है। इनमें पाटनखास, तोयागोंदी, यहोदा, साल्हे, वासड़ी, बंजारी, छुरियाडोंगरी, टाटेकसा, छुईखड़का, ठाकुरबांधा, विचारपुर, मुड़पार, मिरचे, हेलमकोहड़ा, दक्कोटोला, चिल्हाटी, खड़खड़ी, झिटिया, हालमकोड़ो, एड़मागोंदी, डोंगरगांव, कहाड़कसा, हांडीटोला, आमाटोला, बिटाल, राघोटोला, शिकारीटोला, थैलीटोला, जोरातराई गांव में भू-अर्जन पर रोक लगा दी गई है।

**0 राजनांदगांव।** अंचल में लगातार हो रही खंड वर्षा व अल्प वर्षा के चलते उमस भरी गर्मी का वातावरण बना हुआ है। जिससे आम लोग हलाकान हो चुके हैं। वहीं खेतों में भी अपर्याप्त पानी है। जिससे किसान परेशान हैं।












## सार समाचार

### बर्ड पार्क को निजी संस्था को दिए जाने पर जताई आपत्ति



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद एवं अपील समिति के सदस्य ऋषि शास्त्री ने गौरवपथ स्थित बर्ड-पार्क को निजी संस्था को सौंपे जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। एसडीएम अतुल विश्वकर्मा को पत्र सौंपकर श्री शास्त्री ने कहा कि यदि राजगामी संपदा द्वारा निजी संस्था को नियम विरूद्ध ढंग से जमीन दी गई तो वे पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने निगम आयुक्त को भी एक ज्ञापन सौंपकर राजगामी संपदा की जमीन पर निगम द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच करने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि बर्ड पार्क पर 52 लाख रुपए खर्च करने के बाद इसे निजी संस्था को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि निजी संस्था के बजाय इसे वन विभाग को सौंपा जाना चाहिए।

### ठेलकाडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**खैरागढ़।** समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बसंतपुर राजनांदगाव (छग) द्वारा ग्राम ठेलकाडीह के मॉर्डन पब्लिक स्कूल में ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें ठेलकाडीह ग्राम के साथ साथ आसपास के लगभग 100 से ज्यादा ग्रामवासियों का भी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से दांत, मसूड़े, पेट, आंत, हड्डी, महिलाओं से संबंधित सभी रोगों का परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच परीक्षण किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. रोमिल जैन (गैस्ट्रोसर्जन), डॉ. दीपिका जैन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. जय टांक (मैक्सिल्लो फेसिअल सर्जन), डॉ. मिताली टुवानी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. मयंक जैन (हड्डी रोग विशेषज्ञ) जैसे अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही समदा अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर आशीष युसुफ भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही पर्यावरण के दृष्टिकोण से अस्पताल द्वारा स्कूल परिसर में डॉक्टरों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसके लिए समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डॉ. रोमिल जैन ने बताया कि इस आयोजन द्वारा ग्रामवासियों एवं आम जनता को स्वास्थ्य लाभ हो, यही समदा अस्पताल कि प्राथमिकता है। आगामी दिनों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आगे भी ग्रामीण इलाकों में आयोजित होते रहेंगे। जिससे आम लोगों को सुविधा दी जा सके।

### आठ थाना प्रभारियों के प्रभार में बदलाव

- मोहला-मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने जारी किया आदेश

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 3 निरीक्षक सहित 5 उप निरीक्षक के प्रभार में एसपी वायपी सिंह ने बदलाव किया है। निरीक्षक बृजेश सिन्हा थाना प्रभारी चिल्हाटी को थाना प्रभारी सीतागांव, निरीक्षक ईश्वर ध्रुव थाना प्रभारी खड़गांव को थाना प्रभारी मानपुर, निरीक्षक संदीप टोप्पो रक्षित केंद्र मोहला से थाना प्रभारी गोटाटोला, उप निरीक्षक नवल साहू रक्षित केंद्र मोहला से थाना प्रभारी मदनवाड़ा, उप निरीक्षक सतीश साहू थाना प्रभारी मदनवाड़ा को थाना प्रभारी औंधी, उप निरीक्षक सुरेंद्र नेताम को थाना प्रभारी गोटाटोला से चौकी प्रभारी पाटनखास, उप निरीक्षक गणेश यादव चौकी प्रभारी पाटनखास से थाना प्रभारी खड़गांव, उपनिरीक्षक रविशंकर डहरिया को मानपुर थाना प्रभारी से थाना प्रभारी चिल्हाटी का दायित्व सौंपा गया है।

### 21 को कोसरिया यादव समाज की बैठक



**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज का क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन बसंतपुर में आगामी 21 जुलाई को दोपहर 2 बजे बैठक रखी गई है। कोसरिया यादव समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक में नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने व संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षक, वरिष्ठगण, गौटियागण, युवा मंडल, महिला मंडल व वार्डों के सामाजिक सदस्यों के साथ-साथ नगर पदाधिकारीगण अपनी उपस्थिति देंगे।

### कॉलेज में अब फूड टेक्नालाजी का पाठ्यक्रम

**राजनांदगांव।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का शासकीय फूड टेक्नालॉजी कॉलेज रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश का एकमात्र महाविद्यालय है, जो बी. टेक. (फूड टेक्नालॉजी) का 4 वर्षीय पाठ्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित सिलेबस के अनुरूप 2020 से रायपुर में संचालित है। इस महाविद्यालय का प्रथम बैच मई 2024 में सभी प्रकार के प्रशिक्षण, इंटर्नशीप एवं विषयों के अध्ययन पश्चात परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को फूड इंडस्ट्री से कैम्पस सेलेक्शन द्वारा प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हो चुका है। इस 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फूड टेक्नालाजी, फूड इंजीनियरिंग, फूड माइक्रोबायोलॉजी, फूड केमिस्ट्री, फूड क्वालिटी टेस्टिंग, फूड बिजनेस मैनेजमेंट, फूड न्यूट्रीसन, फूड प्लांट ऑपरेशन आदि से संबंधित विषयों को महत्व के अनुसार शिक्षण एवं प्रायोगिक कार्य हेतु अलग-अलग कार्य निर्धारित किए गए हैं।

### फिजिकल ट्रेनर की व्यवस्था करने पुलिस अधीक्षक से मांग



**राजनांदगांव।** पुलिस विभाग में शामिल होकर देशसेवा का जज्बा लिए युवाओं ने पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनर नहीं होने के चलते दिक्कत होने का हवाला देता हुए पुलिस अधीक्षक से स्थाई फिजिकल ट्रेनर रखने की मांग की है। शहर के कुरुक्षेत्र में पुलिस भर्ती को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को यहां फिजिकल ट्रेनर नहीं होने के चलते दिक्कतें हो रही है। जिसकी वजह से उन्हें भर्ती प्रक्रिया में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे युवाओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि सभी युवा विद्यार्थी कुरुक्षेत्र ग्राउंड में आरक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। जिसमें स्थाई ट्रेनर नहीं होने के करण हमारी तैयारी सही दिशा में नहीं हो पा रही है। कई युवा यहां आकर किराये पर मकान लेकर रह रहे हैं, लेकिन उचित मार्गदर्शन के अभाव में तैयारी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने मांग की है कि यहां पर स्थाई फिजिकल ट्रेनर नियुक्त किया जाए, ताकि पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

### सुखदेव ओझा का निधन

**राजनांदगांव।** जनपद के पूर्व सीईओ सुरेंद्र ओझा, जिला न्यायालय के दिनेश ओझा एवं शास प्रेस के उमेश ओझा के पिता सुखदेव ओझा का 18 जुलाई को 88 वर्ष की आयु में एम्स में निधन हो गया। वे जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्ति पश्चात राजनांदगांव महेंद्र नगर के अपने निज निवास में ही रह रहे थे।

## एक ही प्रहार में संपूर्ण उत्तर गढ़चिरौली सदस्यों का साम्राज्य हुआ खत्म

# मुठभेड़ में तीन डीव्हीसीएम, पांच एसीएम और चार दलम सदस्य ढ़ेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर, कांकेर तथा महराष्ट्र गढ़चिरौली बॉर्डर पर कल दोपहर से देर शाम तक नक्सली और सी-60 के जवानों के साथ हुए भीषण मुठभेड़ में तीन डीव्हीसीएम, पांच एसीएम तथा चार एरिया कमेटी मेम्बर ढ़ेर हुए हैं। सभी 12 नक्सलियों के शव सहित घटनास्थल से बरामद घातक हथियार लेकर महाराष्ट्र की फोर्स बीहड़ों से निकलकर देर रात गढ़चिरौली सुरक्षित पहुंची है। घटनास्थल से 7 पुरूष और 5 महिला माओवादी का शव बरामद किया गया। मृत माओवादियों की पहचान कर ली गई है।



### मारे गए नक्सलियों पर कई आपराधिक मामले थे दर्ज

उपरोक्त मृतक माओवादियों पर मुठभेड़, आगजनी और हत्या आदि विभिन्न अपराध दर्ज हैं। इसके साथ ही पुलिस बल ने उक्त घटनास्थल से 11 अग्निशस्त्र के साथ 3 नग एके-47 रायफल, 2 नग इंसास रायफल, एक नग कारबाईन रायफल, एक नग एसएलआर जैसे स्वयंचलित हत्यार एवं विस्फोटक, डेटोनेटर, बिजीएल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री जब्त करने में सफलता हासिल की है। उक्त मुठभेड़ में गढचिरौली पुलिस बल के एक पुलिस उपनिरीक्षक सतिश पाटिल के साथ दो पुलिस जवान शंकर पोटावी और विवेक शिंगोळे घायल हो गए हैं। अभियान के दौरान उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से तुरंत इलाज के लिए नागपुर भेजा गया। वे खतरे से बाहर हैं।

### नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक है गढ़चिरौली फोर्स

सी-60 जवानों के पराक्रम में 2021 से अब तक पिछले तीन सालों मे गढ़चिरौली पुलिस के प्रभावी कार्रवाई से 80 हार्डकोर कट्टर माओवादी मार गिराने में और 102 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। 29 माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।

### दलम का खात्मा

पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली नीलोत्पल ने प्रेसवार्ता में कहा कि संपूर्ण कोरची-टिपागढ और चातगाव-कसनसूर दलम का इस अभियान में खात्मा कर दिया है। इस वजह से उत्तर गढ़चिरौली से नक्सलियों का साम्राज्य खत्म हो गया है।

### महाराष्ट्र फोर्स ने इन्हें किया ढ़ेर

डीव्हीसीएम योगेश दावसिंग तुलावी ऊर्फ नरेंद्र ऊर्फ निरींग साय 36 वर्ष निवासी भिमनखोजी तह. कोरची जि. गढचिरौली ईनाम 16 लाख, डीव्हीसीएम विशाल कुल्ले ऊर्फ लक्ष्मण ऊर्फ सरदु 43 साल निवासी गोरगुट्टा तह. एटापल्ली जि. गढ़चिरौली ईनाम 16 लाख, डीव्हीसीएम प्रमोद लालसाय कचलामी ऊर्फ दलपट 31 साल निवासी वडगाव तह. कोरची जि. गढ़चिरौली ईनाम 16 लाख, महारु धोबी गावडे 31 साल निवासी नैनेर तह. अहेरी जि. गढ़चिरौली एरिया कमेटी मेम्बर ईनाम 6 लाख, अनिल देवसाय दर्रो ऊर्फ देवा ऊर्फ देवारी 28 साल निवासी मुरकुटी तह. कोरची जि. गढ़चिरौली, एरिया कमिटी मेम्बर ईनाम 6 लाख, विज्जू, निवासी बस्तर एरिया (छग) एरिया कमिटी मेंबर ईनाम 6 लाख, सरिता जारा परसा ऊर्फ मिना ऊर्फ रामे 37 साल निवासी गळदापल्ली तह. एटापल्ली जि. गढचिरौली एरीया कमिटी मेंबर, रज्जो मंगलसिंग गावडे ऊर्फ समिता ऊर्फ सिरोंती 35 साल निवासी बोटेझरी तह. कोरची जि. गढ़चिरौली एरिया कमिटी मेंबर ईनाम 6 लाख, रोजा निवासी बस्तर एरिया (छग) दलम सदस्य ईनाम 2 लाख, सागर निवासी बस्तर एरिया (छग) दलम सदस्य ईनाम 2 लाख, चंदा पोडाम निवासी माड एरिया दलम सदस्य ईनाम 2 लाख, सीता हवके 27 साल निवासी मोरडपार तह. भामरागढ गढ़चिरोली दलम सदस्य ईनाम 2 लाख मारे गए नक्सलियों पर कुल 86 लाख रुपए का महाराष्ट्र शासन की ओर से ईनाम घोषित था।

## फार्म हाऊस का ताला तोड़कर खाद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फार्म हाऊस में बने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने यहां रखे खाद सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। वहीं अलग-अलग थाना क्षेत्रों में भी चोरी की हुई घटना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारभाठा स्थित कृषि फार्म हाऊस के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने यहां रखे 16 बोरी ग्रामोर खाद, 20 बोरी डीएपी, 5 बोरी यूरिया खाद, 5 बोरी राखड खाद, चिपको 5 लीटर, बननाशक 10 लीटर व अन्य कृषि दवाई को अज्ञात चोर गत रात्रि चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी काशीराम साहू ने दर्ज कराई है।

### घर से आभूषण पार

इधर लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नया ढाबा वार्ड नं. 4 में एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का मंगलसूत्र लॉकेट, 4 गोल दाना एवं नगदी रकम को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर इसकी रिपोर्ट प्रार्थिया ने दर्ज कराई है।

### खेत से पंप चोरी

इसी तरह जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिद्दो में सूखा बैराज रोड नदी के पास स्थित प्रार्थिया के खेत में लगे सोलर पंप, कंट्रोलर एवं केबल वायर को अज्ञात चोरों ने विगत दिवस चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## विकास कार्यों की स्वीकृति, रमन का अभिनंदन

**राजनांदगांव।** शहर के वर्धमान नगर वार्ड के विकास के लिए 67 लाख रुपए के 4 कार्यों की स्वीकृति देने पर वार्ड के लोगों ने विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सम्मान में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने कहा कि वर्धमान नगर एक बेहतर कॉलोनी के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां एक पारिवारिक आयोजन में आया हूं। यहां के विकास में विधायक के नाते मेरी जो भूमिका थी, उसके लिए लोगों ने माला पहनाया है। डॉ. सिंह ने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही यहां स्वीकृत विकास कार्य का निर्माण शुरू होगा। डॉ. सिंह के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान वर्धमान सहकारी समिति के पदाधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रमेश पटेल, स्थानीय पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### 67 लाख के कार्यों की स्वीकृति

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु की मांग पर वार्ड नं. 19 वर्धमान नगर में विकास कार्य के लिए 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 19 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, 19 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण और 2.5 लाख रुपए की लागत से पाथवे निर्माण के लिए की राशि स्वीकृत की गई है।

## छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी तहसील के एक स्कूल के छत का प्लास्टर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। घटना प्राथमिक शाला बड़गांव की है, जहां छत का प्लास्टर गिरने से बच्चे और शिक्षक बाल-बाल बच गए। स्कूल के भवन की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी छत नीचे गिर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने बताया कि हादसे की डर से शिक्षक क्लास रूम की जगह खुले में बच्चों को पढ़ाते हैं। बरसात होने पर आखिर इन बच्चों को कहां और कैसे पढ़ाए और बैठाया जाए समझ से परे है, लेकिन स्कूल भवन की जर्जर हालत देखने वाला कोई नहीं है। वर्षों से इसकी यही हालत है। ग्रामीण इस जर्जर भवन को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं। वहीं कई बार अधिकारी निरीक्षण के लिए आए और इसकी बदहाल स्थिति को देखकर चले भी गए, पर आज तक इसे ठीक नहीं किया जा सका। दो कमरों के इस भवन में आए दिन छत का प्लास्टर टूटकर गिरता रहता है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## वेतन नहीं मिलने से नाराजगी, भड़के निगम कर्मियों ने शुरू किया आंदोलन

**राजनांदगांव।** वेतन भुगतान की समस्या से जूझ रहे नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध अंदोलन की शुरूआत कर दी गई है।

प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में 1 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित है। वहीं राजनांदगांव नगर निगम में भी लगभग तीन माह का वेतन लंबित है। ऐसे में यहां के कर्मचारियों ने नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करते आज काली पट्टी लगाकर नगर निगम में कार्य किया है। अपने आंदोलन के तहत 18 और 19 जुलाई को नगरीय निकाय कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। वहीं 22 तारीख को कलम बंद हड़ताल किया जाएगा और इसके बाद 29 तारीख को निकाय स्तर पर एक दिवस की हड़ताल की रूपरेखा बनाई गई है। आंदोलन को लेकर नवयुक्त कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष पंकज मेश्राम ने बताया कि नगर निगम में लगभग 4 सौ नियमित कर्मचारी हैं। वहीं प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिलाकर एक हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, जिन्हें 3 माह से वेतन नहीं मिला और एनपीएस का पैसा नहीं जमा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो, इस पर शासन और नगरीय निकाय द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है।



### आंदोलन का निर्णय

नगरीय निकाय महासंघ की बैठक बीते 6 जुलाई को आयोजित की गई थी। जिसमें चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। जिससे कर्मचारियों की वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आकर्षण कराया जा सके।

## काला वस्त्र धारण कर पटवारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने लगभग 11 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे राजस्व पटवारी संघ ने अपनी मांगे पूरी नहीं होते देख आज काला वस्त्र धारण कर विरोध प्रदर्शन किया है।

बीते 8 जुलाई से भुईयां सॉफ्टवेयर में कार्य करने के दौरान सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी 32 सूत्रीय मांगों के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे राजस्व पटवारी संघ द्वारा आज सामूहिक रूप से काला वस्त्र धारण कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भुईयां सॉफ्टवेयर के माध्यम से कार्य करने के दौरान सामने आ रही समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार कांडे ने कहा कि हमारी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व मंत्री से चर्चा हो रही है, लेकिन अब तक मांगे पूरी नहीं हुई है। इसके विरोध स्वरूप सभी काला वस्त्र धारण कर धरना प्रदर्शन स्थल



### अब तक नहीं बनी बात

राजस्व पटवारी संघ द्वारा भुईयां सॉफ्टवेयर से जुड़े 32 मामलों को शासन के सामने रखा गया है, जिस पर दो-तीन दौर की बातचीत पटवारी संघ और शासन के बीच हो चुकी है, लेकिन अब तक बात नहीं बनने की वजह से पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। वहीं पटवारियों की हड़ताल के चलते जमीन संबंधी और राजस्व मामलों से जुड़े अन्य कार्यों को लेकर लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**राजनांदगांव।** अपनी सात सूत्रीय स्थानीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करते उन्होंने प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की गुहार लगाई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा अपनी स्थानीय मांगों को लेकर समय-समय पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आज कलेक्टर कार्यालय के सामने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा आयोजित प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि आंगनबाड़ी खुलने और बंद होने का समय सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 तक निर्धारित किया जाए। वहीं राज्य शासन के माध्यम से मिलने वाली साड़ी की जगह नगद राशि दी जाए। अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी मांगे पूरी करने के लिए जमकर नारेबाजी की और शीघ्र मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन किए जाने को लेकर चेतावनी दी है।



### परियोजना अधिकारी की जगह कर्यकर्ताओं को मिले रुपए

अपने प्रदर्शन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्री कोसरे ने कहा कि फैक्सी फंड के रुपए परियोजना अधिकारी को न देकर कार्यकर्ताओं के खाते में डाला जाए। जिससे आंगनबाड़ी की उपयोग का सामान वे स्वयं खरीद सकें। इस दौरान महतारी वंदन योजना के तहत किए जा रहे कार्य की प्रोत्साहन राशि की मांग भी की गई है।

## प्रभारी प्राचार्य ने बेची सरकारी पुस्तकें

- स्थानांतरण, निलंबन, बहाली बाद संस्थित विभागीय जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



बच्चों को निःशुल्क बंटने वाली सरकारी पाठ्य पुस्तकों को कबाड़ी के पास बेचने और आत्मानंद स्कूल में नियम विरूद्ध प्रवेश शुल्क वसूलने वाले प्रभारी प्राचार्य कमलेश्वर सिंह के खिलाफ मामले को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने जवाब मांगा।

गौरतलब है कि प्रकरण मे प्रथमदृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने 5 सिंतबर 23 निलंबित कर डीईओ आफिस अटैच कर दिया था जबकि इसी मामले 28 अगस्त को प्रभारी डीईओ ने फौरी कारवाई करते हुए जॉच के दौरान आरोप सही पाए जाने का उल्लेख करते हुए आत्मानंद कन्या शाला में पदस्थ व्याख्याता व तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य कमलेश्वर सिंह को कन्या शाला से हटाकर कांचरी हाई स्कूल में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक काम करने कहा था। कांग्रेस नेता और अल्संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजा सोलंकी ने अवितरित सरकारी किताब कबाड़ी को बेचे जाने की प्रमाणित शिकायत 10 मई को कलेक्टर और डीईओ से की थी, लेकिन कारवाई महीनों से अटकी थी इसी दौरान छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने मामले को स्वतः संज्ञान में लिया और शाला पहॅुचकर दो दिनों तक जॉच किया था।

### जांच में पाया दोनों आरोप सही

प्रभारी प्राचार्य पर इसी सत्र मे प्रारंभ आत्मानंद उत्कृष्ट शाला मे डीईओ की मौखिक अनुमति को आधार बनाकर बच्चों से फीस वसूली की शिकायत राजा सोलंकी ने अधिकारियों से की थी जिसकी भी जॉच हुई जिसके बाद डीईओ ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से अनुमोदन लेकर 28 अगस्त को कमलेश्वर सिंह को कांचरी स्कूल अटैच कर दिया था। जिसके बाद संचालक ने शिकायत को जॉच दौरान प्रथमदृष्टया सही पाए जाने पर दोषी प्रभारी प्राचार्य पर कड़ी कारवाई करते हुए उक्त कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियम 1966, नियम 9 और शिक्षकीय गरिमा के प्रतिकूल मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर डीईओ आफिस अटैच कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान भी कमलेश्वर सिंह द्वारा विभागीय आरोप पत्र को लेने मे हीला हवाला किया गया जिसकी जानकारी भी विभाग ने दिसंबर महीने मे लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित की थी बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर जनवरी 24 मे कमलेश्वर सिंह पुनः कन्या शाला मे बहाल हो गए। इसी दौरान आरोप पत्र का जवाब नही देने के कारण संचालनालय ने विभागीय जॉच का संस्थित कर दिया था, लेकिन छै महीने बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने मामले में अधिरोपित आरोप के खिलाफ प्रतिवाद के लिए कमलेश्वर सिंह को 21 जुलाई को पत्र जारी कर जवाब मांगा है।

**कार्रवाई :** आरोपी के कब्जे से 11.730 किग्रा गांजा, घटना में प्रयुक्त वाहन बाइक जब्त

# चिल्फी पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फी

चिल्फी पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्तकर 11.730 किलो ग्राम गांजा जब्त कर गांजा तस्करी के इस मामलें में चिल्फी पुलिस नें दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों थाना-चौकी प्रभारी को नशे का तस्करी करने वाले तस्करों की पताशाजी कर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार सूचना संकलन कर नशे का अवैध तस्करी करने वाले के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को थाना चिल्फी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक स्लेटी रंग के एसपी साइन मोटर सायकल में दो व्यक्ति अवैध गांजा रखकर कवर्धा-चिल्फी के रास्ते मंडला (मध्यप्रदेश) की तरफ जा रहे है।

**चिल्फी पुलिस टीम की बड़ी कार्वाई**



पुलिस अधीक्षक द्वारा वनांचल क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने व अपराधिक मामलों में अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही किया गया। जिसमें बुधवार को चिल्फी पुलिस टी नें गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 11.730 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। उक्त कार्यवाही में उमाशंकर राठौर, राजेश्वर सिंह, गोकुल सोनकर, गंगा धुर्वे, आंसू तिवारी, अजय चंद्रवंशी, पप्पू पनागर, सुनील मेरावी, पंकज यादव का योगदान रहा।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डीएसपी नक्सल सतीश धुर्वे, थाना प्रभारी चिल्फी उमाशंकर राठौर को सूचना कि तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना चिल्फी पुलिस टीम द्वारा एन-30 आबकारी चेक पोस्ट के पास नाकाबंदी कर चेकिंग किया जा रहा था, चेकिंग के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार दो व्यक्ति स्लेटी रंग की मोटर सायकल में घाटी की तरफ से आते दिखा, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोका गया। चिल्फी पुलिस ने कड़ी से पूछताछ पर आरोपियों द्वारा अनुज विश्वकर्मा पिता मुन्ना विश्वकर्मा आयु 24 वर्ष निवासी एलआईजी 386 धन्वंतरि नगर जबलपुर (मप्र) एवं एक विधि से संघर्षरत बालक होना बताए, पुलिस टीम द्वारा आरोपी के तलासी लेने पर एक पिट्ठू बैग में रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा 11.730 किलो ग्राम, एक मोटर सायकल, वीवो कंपनी का मोबाइल कुल कीमती 2,30 हजार जप्त जाकर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# सड़क जर्जर व बदहाल, ग्रामीण व राहगीर परेशान, आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, कापा, सेमरकोना, निगापुर, दामापुर, बसनी व पेण्ड्रीकला प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह से जर्जर व क्षतिग्रस्त होने से सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम सड़क ज्यादा उबड़ खाबड़ होने के कारण राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व चोटिल हो रहें है। जिस पर के ग्रामीण नागरिको ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों से सड़क नवीनीकरण व सुधार तथा मरम्मत की मांग की गई ताकि ग्रामीण रहवासियों तथा राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन व ठेकेदारों की उदासीनता व मिली भगत के कारण आज पर्यन्त तक प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण कार्य नहीं हो पाया है, नतीजन आज ग्रामीण नागरिकों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़कों सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण की मांग की गई ताकि आवागमन में सुविधा मिल सकें।

### जिम्मेदारों व ठेकेदारों की भारी अनदेखी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दामापुर से रूसे सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृत के बाद भी आज तक स्थिति जस के तस है। जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिम्मेदारों व ठेकेदारों की भारी अनदेखी अनियमिता के कारण ग्राम सेमरकोना, निगापुर, धनेली, भगतपुर, कापा, कोलेगांव में निर्माण कार्य के स्वीकृति राशि जारी होने के बाद भी जिम्मेदारों व ठेकेदारों बेपरवाह नजर आ रहें है।

## मक्के स्कूल में निकली गई जन जागरुकता रैली



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में गुरूवार को मौसमी बीमारी, मलेरिया, डायरिया, डेंगू और सर्प दंश के बचाव के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें मलेरिया जन जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित हुए। रैली में जन-जागरूकता तख्तियां हाथों में लेकर हम सब ने ठाना है, मलेरिया को मिटाना स्लोगन लिखकर ग्रामवासियों को जन -जागरूक किया गया। साथ ही मलेरिया को भागाएंगे समाज को बचाएंगे, जन-जन का है एक ही नारा मलेरिया मुक्त हो देश हमारा सहित कई नारे लगाएं गए साथ ही साथ मौसमी बीमारी, डायरिया, मलेरिया, डेंगू और सर्प दंश से होने वाले नुकसान और इससे बचने के उपाय की जानकारी इस जागरूकता रैली में ग्रामवासियों को दिया गया। रैली में प्राथमिक शाला मक्के के प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, सरपंच मुक्तानंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, महिलाएं सहित पालक गण तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद शिशु मंदिर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया




**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया स्थित स्वामी विवेकानंद में शाला प्रवेश उत्सव उमंग के साथ मनाया गया। जिस पर स्कूल प्राचार्य मनेंद्र शांडिल्य के आतिथ्य में शाला विकास समिति अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि (कॉलेज) संजय सोनी, सक्रिय पार्षद अनुराग सिंह, सोशल मीडिया संयोजक बूथ अध्यक्ष पं अभिषेक शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पालक गण तथा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का सफल आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने विद्यार्थियों को चॉकलेट, टॉफी व पतंजलि बिस्किट उपहार स्वरूप प्रदान किया साथ ही साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व स्टॉफ को एक-एक पेन भेंटकर शिष्ट सदाचारी व छात्र छात्राओं की उन्नति और सफलता की कामना की गई।

### 95 हजार बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप पिलाने का लक्ष्य

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह जिले में 19 जुलाई से 24 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को निर्धारित स्थल पर सत्र आयोजित किया जाएगा।

# वाहन चालकों पर नहीं हो रही कार्रवाई डबल केजव्हील ट्रैक्टर से सड़क खराब



- सड़क किचड़ से लथपथ आवागमन बाधित।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित क्षेत्रों में इन दिनों खेती-किसानी कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में खेत को रोपा-लगाने व तैयार जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा डबल केजव्हील ट्रैक्टर का प्रयोग किया जा रहा है, घर से खेत तक ट्रैक्टर को ले जाने ट्रैक्टर मालिकों की भारी लापरवाही सामने आ रही है। जिसमें किसी भी तरह की सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया जा रहा हैं जिससे सड़क जर्जर व किचड़ से लथपथ होने के कारण राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है जिस पर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को इस भारीर अनियमिता पर कार्यवाही नही किया जा रहा है।

ग्रामीणों नें बताया कि कवर्धा-बिलासपुर एनएच 30 नेशनल मार्ग ग्राम जोराताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर, प्रभाटोला व दौजरी में किसानों व टैक्टर वाहन चालकों द्वारा डबल केजव्हील ट्रैक्टर को सड़क पर चलाना प्रतिबंधित होने के बाद भी ट्रैक्टर चालको द्वारा बिना बेरोक टोक सड़कों पर बेधड़क फर्राटे भरते है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं किए जाने से उनका हौसला बुलंद है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण इसलिए शिकायत नहीं करते क्योंकि अगर किसी माध्यम से ट्रैक्टर चालक को पता चलता है तो गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। अन्य गांव के ग्रामीण जब शिकायत कर रहे है, तो प्रशासनिक अधिकारी शिकायत पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं होने से भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

### ट्रैक्टर वाहन चालक खर्च करना नहीं चाहते

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डबल केजव्हील ट्रैक्टर सड़क को उखड़ने से बचाने के लिए दूसरे ट्रैक्टर के माध्यम से टोचन कर घर से खेत तक ले जाकर या डबल केजव्हील ट्रैक्टर में लोहे का पट्टा लगाकर आसानी से घर से खेत व खेत से घर तक ट्रैक्टर ले जा सकते हैं और किसान अपने मंसूबे में कामयाब हो सकते हैं। लेकिन वे अतिरिक्त खर्च नहीं करना चाहते, जिसके चलते बिना कोई सुरक्षा व्यवस्था के ट्रैक्टर को घर से खेत तक डामरीकृत सड़क मार्ग से ले जा रहे हैं, गांव की गली तो कीचड़मय हो ही रही है, डामरीकृत सड़क भी उखड़कर गिट्टी व किचड़ मय हो रहा है।

## पीएम सड़क में भारी वाहनों का आवाजाही, मार्ग जर्जर व क्षतिग्रस्त, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डबराभाट-सारंगपुर खुर्द पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़कों में लगातार भारी वाहनों का आवागमन होने से प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व क्षतिग्रस्त हो रहें है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डबराभाट-सारंगपुर खुर्द मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन से डामर उखड़ रहा, जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियां व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र के प्रधानमंत्री सड़कों पर क्षमता से ज्यादा भारी वाहनों के निषेध के बाद भी पीएम सड़क पर भारी वाहन फर्राटे भरते व लगातार आवाजाही आसानी से नजर आते है। क्षमता से ज्यादा भारी वाहनों के प्रतिबंधित व कानूनी अपराध के बाद भी भारी वाहन आवागमन लगा रहता है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि सड़कों में जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे व जर्जर तथा क्षतिग्रस्त सड़क से आवागमन बाधित व भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों व रहवासियों ने विभागीय अधिकारियों व शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देने कि अपील की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।

# जिला चिकित्सालय में सर्पदंश मरीजों का हो रहा बेहतर उपचार




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला चिकसालय में सर्पदंश मरीजों का बेहतर और सफल ईलाज किया जा रहा है। विगत दिनों बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पालक की महिला और पंडरिया विकासखण्ड के अंतिम छोर के ग्राम मालकछारा निवासी के एक छात्र को सर्पदंश करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में भर्ती कराने के समय स्थिति नाजुक बनी हुई थी। जिस पर कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा बेहतर उपचार किया गया। चिकित्सकों की सजगता से दोनां मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। जिले में सर्पदंश से बचाव और सावधानी के लिए लगातार जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिले में चार विकासखण्ड है। जिसमें बोडला पूर्णतः वनांचल और पंडरिया के भी अधिकांश हिस्सा में वनवासियों का ही बाहूलता है।

वही सहसपुर लोहारा के भी कुछ हिस्सा जंगल पहाड़ो के क्षेत्र में बसा है, जिले में बरसात लगते ही सर्पदंश के मरीज आने लगते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज ने बताया कि सर्पदंश को लेकर स्वास्थ्य विभाग लोगों को सर्पदंश और उसके बचाव के लिए लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण कुछ लोग आज भी गुनिया, बैगा का सहारा लेकर झाड़-फूंक करते है, जिससे लोगो की मृत्यु हो जाती है।

इसका मुख्य कारण जागरुकता की कमी है। जब कोई सांप किसी को काट देता है तो इसे सर्पदंश या सांप का काटना कहते हैं। सांप के काटने से घाव हो सकता है और कभी-कभी विषाक्तता भी हो जाती है, जिससे मृत्यु तक सम्भव है। अधिकांश सर्प विषहीन होते हैं और कुछ जहरीले सांप भी पाएं जाते हैं। सांप प्रायः अपने शिकार को मारने के लिए काटते हैं, लेकिन इसका उपयोग आत्मरक्षा के लिए भी करते हैं। सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव और एमडी मेडिसीन डॉ गोपेश ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि सर्प दंश से झाड़ फूंक में मरीजों का समय की बर्बादी न करेए तुरंत अस्पताल लाएं जिससे मरीज की जान बचाई जा सकें।

### जिला चिकित्सालय में हो रहा है बेहतर इलाज

बोड़ला विकासखण्ड के पालक गांव से सर्पदंश के महिला मरीज ने बताया कि रात के समय अपने घर के आंगन में सोई हुई थी। तभी एक जहरीली करैत सांप ने पेट के ऊपरी हिस्सा को काट दिया, जिसके बाद परिजनो ने उसे झाड़-फूंक कराते रहे और शरीर में जहर फैल रहा था। लेकिन पीड़िता ने अपने परिजनों की बात को एक सिरे से नकारते हुए जिला अस्पताल आई और पांच दिन तक वेंटीलेटर में रहकर उसके बाद 16 तारिख को ऑक्सीजन निकाली गई। अब मैं पूर्ण रूप से स्वास्थ्य होकर डॉक्टरों द्वारा डिस्चार्ज किया गया। वहीं पंडरिया विकासखण्ड के अंतिम छोर ग्राम मालकछारा निवासी और हाई स्कूल सराईसेत में कक्षा नवमी के एक छात्र भी सर्पदंश के शिकार हो गया। छात्र ने बताया कि वह रात को भोजन के बाद प्रतिदिन की भाति सो गया और रात में पैर के उंगली के पास को सांप ने बिस्तर में आकर काट दिया। उनके परिजनों ने अस्पताल लाने के बजाए झाड़-फूंक कराते रहे। लेकिन लाभ नही मिलने की स्थिती में उन्हें जिला अस्पताल कवर्धा आया गया। जहा बहुत ही गंभीर स्थिति मैं 11 तारिख को वेंटिलेटर मैं रखा गया। उन्होंने बताया कि 15 तारिख को वेंटिलेटर से बाहर निकाला गया और ऑक्सीजन मैं रखा गया जहां उसकी हालत गंभीर था लेकिन मौजूद चिकित्सको ने उसका उपचार किया। जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के बेहतर उपचार से छात्र स्वस्थ हो गया। एमडी मेडिसिन डॉ गोपेश और डॉ ओमप्रकाश गोरे, निश्चेतना विषेगय, डॉ कवि और पूरी आपातकालीन ड्रॉक्टर और स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

**कांवरियों व पदयात्रियों के लिए होगी 15 से अधिक स्थानों में जलापान व्यवस्था**

# पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने शासन-प्रशासन व जुटा जनसमुदाय



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं पर्यटन महत्त्व स्थल भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा बुढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से सबेरे 7 बजे से शुरू होगी। कलेक्टर जनमेजय महोब के मार्गदर्शन में भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी जोरो-शोरो से की जा रही है। पदयात्रा को ऐतिहासिक पदयात्रा बनाने के लिए शासन-प्रशासन सहित जनसमुदाय और विभिन्न संगठन जुटे हुए है। कवर्धा से भोरमेदव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा में कांवडिया और पदयात्रियों के लिए 15 से अधिक स्थानों पर जलापान, शरबत, चाय-नाश्ता की व्यवस्था की गई है। पदयात्रा की भव्यता बढ़ाने और जलापान व्यवस्था में शासकीय विभागों के अलावा निजी सामाजिक संगठन और जिला प्रेस क्लब भी अपनी सहभागिता निभाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने छत्तीसगढ़ के जिले में स्थित ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं पर्यटन महत्त्व स्थल भोरमदेव मंदिर के लिए के लिए आयोजित पदयात्रा को भव्य रूप देने के लिए अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर कांवरियो और पदयात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों जोरो-शोंरों से की जा रही है। पदयात्रियों के लिए बुढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोदमदेव मंदिर प्रांगण तक पूजा-अर्चना की व्यवस्था, पण्डाल, पेयजल, चाय, नास्ता, आपात चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किग व्यवस्था सहित सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही है। इसके आलावा ग्रामीणजन द्वारा भी जलापान और स्वागत किया जाएगा।

### श्रद्धालु व कांवरियों को मिलेगी सुविधा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले में सावन मास में आने वाले श्रद्धालु और कांवरियों को मुलभूत सुविधाएं देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर अमरकंट से आने वाले कांवरियों के विश्राम के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के समीप अलग-अलग सामाजिक भवन व विशेष वाटर फ्रुप टेंट लगाकर विश्राम शिविर बनाई जाएगी। श्रद्धालु और कावरियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन के पूरा अमलाए कोटवार से लेकर प्रशासनिक अधिकारीए नगरीय निकायों के अमले और अन्य सुविधाएं सहित पुलिस के जवान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाने में लगे हुए है।

### नि:शुल्क स्वास्थ शिविर की व्यवस्था

अंमरकंटक से लेकर भोरमदेव मंदिर पहुंच तक मार्ग के हनुमंत खोल के पास स्वास्थ शिविर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ग्राम कुकदूर, पोलमी, कामठी, गौरकांपा, जलेश्वर महादेव डोंगरिया, कवर्धा स्थित पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर, राजानावगांव, और को भोरमदेव मंदिर के समीप स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम स्टॉप नर्स से लेकर ड्रेसर और चिकित्सकों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा इस मार्ग में आने वाले सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को श्रद्धालु एवं कांवरियों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुचाने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश भी दिए गए।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### 42 लोगों को लोन बांटने का लक्ष्य

**कवर्धा।** स्व-रोजगार स्थापित करने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कबीरधाम जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत 42 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य मिला है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महाप्रबंधक डीएल पुसाम ने बताया कि बैंकों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख और सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख का ऋण देने आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

# झलमला में निःशुल्क मेगा हेल्थ शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का आयोजन आज

■ मेगा हेल्थ शिविर में जिले के 10 विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर 19 जुलाई को वनांचल क्षेत्र ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प की तैयारियों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। झलमला के आसपास के गांवों में इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प के आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार करने और गांव के कोटवार के माध्यम से गावों में मुदानी भी कराया गया है। राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में वनांचल में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासियों के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंबालिका ठाकुर, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. सतीष शर्मा, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह परिहार, सर्जन रोग विशेषज्ञ डॉ. अजिफ करीम, मेडिकल ऑफिसर हर्षित तुवानी, चिकित्सा अधिकारी पारखी ध्रुव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सैयद सहादातुल्लाह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. जे आर पुथ्थल, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक पाटले और फिजियोथैरैपिक डॉ. सिद्धार्थ कुमार अपनी सेवाएं देंगे। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प में गर्भवती माताओं सहित शिशु रोग विशेषज्ञ, सामान्य मौसमी सर्दी-खासी बुखार सहित सभी तरह के रोगों का उपचार किया जाएगा। उपचार के बाद उन्हे दवाइयां भी दी जाएगी। वनांचल के ग्रामीणजन स्वास्थ्य शिविर के आलावा आयुष्मान भारत कार्ड, दिव्यांगजनों का परीक्षण,आधार कार्ड बनाने का लाभ भी उठा सकते है। उल्लेखनीय है कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की निर्देश एवं पहल पर आयोजित की गई है। जिससे वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उनके निकटतम स्थान पर ही उपलब्ध होगी। जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा और वे गंभीर बीमारियों से बचाव कर पाएंगे।

### कवर्धा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जिला मुख्यालय में 19 जुलाई को उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाए देंगे। कवर्धा में इस प्रकार का आयोजन होने से जो लोगों को अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराने दूरदराज नही जाना पड़ेगा। संसाधन की उपलब्धता की कमी होने के कारण गंभीर व जटिल बीमारी से ग्रसित रहते है, उनका खास ख्याल रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार शिविर 19 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को इंडोर डोम कॉलेज ग्राउंड, कवर्धा में प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे मरीजों का पंजीयन सुबह 9.00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। बरसात के मौसम होने के कारण सर्व सुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम का शिविर के लिए स्थल चयन किया गया है। कबीरधाम जिला में निवासरत लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्धेश से इतने बड़े स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम लोगों की स्वास्थ्य जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. पुष्पेन्द्र नायक (गैस्टो इन्ट्रोलॉजिस्ट) पेट रोग विशेषज्ञ , डॉ. लवलेश राठौर (एचसीएच न्यूरो सर्जन) नस रोग विशेषज्ञ, डॉ. निखिल मोतिरमानी (डीएम कॉर्डियोलॉजी) हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग यादव (एमसीएच यूरोलॉजी) किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवीन कुमार जैन (एमडीएसएफएचएन) ओरल कैंसर, डॉ. निशा जैन (स्किन/चमड़ी रोग) विशेषज्ञ, डॉ. अजीत अग्रवाल (एमएस एमसीएच) कैंसर सर्जन बालको मेडिकल सेंटर सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिसीन विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी रोग विशेषज्ञ, दंत रोग/ ईएनटी विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

## विडंबनाः सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की कवायद

# जिले में सरकारी शराब की बिक्री के साथ नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

यह सर्व विधित है कि वर्षो पूर्व प्रदेश में तात्कालिक भाजपा की रमन सरकार ने शराब ठेका प्रथा को समाप्त कर दिया था और प्रदेश में शराब बेंचने का धंधा अपने हांथ में ले लिया था।

इस बीच प्रदेश में सत्ता परिवर्तन भी हुआ और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ गई। जिसने सत्ता में आने से पूर्व बकायदा हांथ में गंगा जल लेकर प्रदेश में शराब बंदी का वायदा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद प्रदेश की तात्कालिक कांग्रेस सरकार ने भी ठसके के साथ पूरे पांच सालों तक शहर से लेकर गांव-गांव और वनाचलों तक में जमकर सरकारी शराब बेंची। कांग्रेस सरकार पर आरोप तो यह भी है कि इस दौरान उसने लंबा चौड़ा शराब घोटाला भी किया है, जिसकी जांच भी चल रही है। लेकिन वर्तमान में फिर से प्रदेश की सत्ता में भाजपा की सरकार है और प्रदेश में अब भी बदस्तूर सरकार अपने आबकारी विभाग के माध्यम से शराब बेंचने का धंधा जारी रखे हुए है।

ऐसे में अब केन्द्र की मोदी सरकार के समाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्ति भारत अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस नशामुक्त भारत अभियान के तहत मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए कबीरधाम जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 50 मास्टर स्वयं सेवकों (मास्टर वालेंटिरर्स) की नियुक्ति की जा रही है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक ये मास्टर वालेंटियर्स अपने क्षेत्र में मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए जनजागरूकता लाने का प्रयास करेगी एवं की गई कार्यवाही एनएमबीए मोबाईल एप में अपलोड करेंगी। इसे विडंबना ही कहें की प्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को शराब के रूप में नशा बेंच रही है तो दूसरी तरफ केन्द्र की मोदी सरकार नशामुक्ति अभियान चला रही है। ऐसे में जिले के प्रबुद्ध जनो द्वारा केन्द्र और सरकार की इस दोहरी मंशा पर सवाल उठाते हुए और चुटकी लेते हुए कहा जा रहा है कि अगर वास्तव में सरकारें नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ा रही है तो शराब बंदी ही क्यों नहीं कर दे ती।

### जिले के गांव-गांव में बिक रही है अवैध शराब




यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले का शायद ही कोई ऐसा गांव होगा जहां सरकारी शराब दुकान नहीं होने के बाद भी शराब न बिक रही हो और शराब के शौकीन न हों। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में जिस ढंग से सरकारी शराब अवैध ढंग से गांव-गांव में बिक रही है उससे लगातार जिले में शराबियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। क्या बड़े, बुढ़े, नवजवान, बच्चे और महिलाएं सभी शराब के नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं और अपना घर, परिवार तथा जीवन तबाह कर रहे हैं। गावों का शांत वातावरण अशांत हो रहा है। शराब के दुष्प्रभाव से जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन सच कहें तो जिम्मेदार शासन-प्रशासन इन सब से बेपरवाह है।

### शराब बंदी महिलाओं की वर्षो पुरानी मांग

महिलाओं तथा प्रबुद्ध जनो द्वारा जिले सहित प्रदेश में शराब बंदी की मांग वर्षो से की जा रही है। राजनैतिक दलों द्वारा महिलाओं की मांग से जुड़े इस मुद्दे पर चुनाव के दौरान जमकर राजनीति भी की जाती है। कहा तो यह भी जाता है कि बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने हांथ में गंगा जल लेकर सत्ता में आने के बाद शराबबंदी का वायदा कर प्रदेश की महिलाओं को काफी हद तक प्रभावित किया था और सत्ता में आई थी लेकिन कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद उसने भी वहीं किया जिसका वह विपक्ष में रहते हुए विरोध कर रही थी। कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या फिर भाजपा की सरकार हो राजनेताओं में इच्छा शक्ति का आभाव है। नहीं तो शराब बंदी करना कोई बड़ी चुनौती नहीं है।

# युवा कांग्रेस ने भोरमदेव शक्कर कारखाना में किया विरोध प्रदर्शन

## प्रबंधन को ज्ञापन के साथ विरोध स्वरूप सौंपे शक्कर के पैकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों के मुद्दों को लेकर गुरूवार को युवा कांग्रेस ने भोरमदेव शक्कर कारख़ाना प्रबंधन व शासन के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता आनंद सिंह की विशेष उपस्थिति व मार्ग दर्शन में युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा के नेतृत्व में किए गए इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से किसानों की गन्ने की बिक्री की मूल राशि अथवा रिकवरी राशि तथा शेयरधारी किसानों को इस बड़ती महंगाई के बावजूद उनके हक की रियायती दर में 50 किलो ग्राम शक्कर नही दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया तथा किसानो की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन कारखाना प्रबंधन को सौंपा गया। युवा कांग्रेस द्वारा प्रबंधन को बंद लिफापा में (राशि) डालकर और बाजारसे मंहगी शक्कर खरीदकर उसका पेकेट विरोध स्वरूप भेट किया है। इस अवसर पर आनंद सिंह तथा वाल्मीकि वर्मा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा की थी कि भाजपा की सरकार बनने पर शक्कर उत्पादक कारखाना के अंशधारी किसानो को रियायती दर पर 50 किलो शक्कर वितरित की जाएगी लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि आज भाजपा को सत्ता में आए आधा साल गुजर जाने के बादर भी किसानो को रियायती दर पर शक्कर का वितरण नहीं किया गया है जिसकी मांग कारखाना के अंशधारी गन्ना उत्पादक किसान लगातार करते आ रहे हैं। वहीं श्री सिंह तथा श्री वर्मा ने कहा कि कारखाना प्रबंधन क्षेत्रीय किसानों को उनका हक नहीं दे रही है। स्थिति ये है कि भारमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना बेंचने वाले गन्ना उत्पाद किसानो का करोड़ों का भुगतान तथा रिकवरी राशि का भुगतान अब भी लंबित पड़ा है। जिसके लिए किसान लगातार गुहार लगा रहे हैं लेकिन कारखाना प्रबंधन और शासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यही वजह है कि आज युवा कांग्रेस ने किसानो के हक की लड़ाई को लेकर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना प्रबंधन तथा शासन के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

### आरोपः ठेकेदार बेवजह काम से निकाल रहे युवाओं को

युवा कांग्रेस ने अपने विरोध प्रदर्शन तथा ज्ञापन में कारखाना में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा युवाओं के हक का भी मुद्दा उठाया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भोरमदेव शक्कर कारखाना में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनीमितता तथा ठेकेदारों की मनमानी पर कार्यवाही की जाए। युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि कारखाना के ठेकेदार पहले से कार्यरत युवाओं को बेवजह काम से निकाला जा रहा है और नए लोगों को काम दिया जा रहा है। जो की युवाओं के साथ अन्य है।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से जिला अस्पताल को मिला रेडियोलॉजिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से कबीरधाम जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक ने कबीरधाम जिला अस्पताल के लिए रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वी. गोपाला कृष्णा को एनएचएम (संविदा) के पद पर शर्तो के अधीन नियुक्ति प्रदान की है। इस सबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति से अब मरीजों को भटकना नहीं पडेग़ा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कबीरधाम जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार और विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थपना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से विशेष अनुरोध किया था। जिला चिकित्सालय में रेडियालॉजिस्ट की नियुक्ति से सुविधाओं में विस्तार होगा। रेडियोलॉजिस्ट के होने से मरीजों की बीमारियों का सही समय पर और सटीक निदान हो सकेगा। इससे उपचार की प्रक्रिया में सुधार होगा। स्थानीय स्तर पर रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता से मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और पैसे की बचत होगी। आपातकालीन स्थिति में रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति से तत्काल जांच और उपचार संभव होगा, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। रेडियोलॉजिस्ट की विशेषज्ञता से जटिल मामलों में भी सही निदान और उपचार की योजना बनाई जा सकती है। रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से रोग की पहचान तेजी से होती है, जिससे इलाज जल्दी शुरू किया जा सकता है।

# आश्वासन पर समझौता, पटवारियों की हड़ताल समाप्त, लोगों व किसानों ने ली राहत की सांस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीत 11 दिनों से चली आ रही पटवारियों की हड़ताल गुरूवार को खत्म हो गयी है। जानकारी के मुतातबिक राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल की राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से हुई मुलाकात और लंबी चर्चा के बाद पटवारियों ने हड़ताल को खत्म करने का फैसला लिया है। बताया जाता रहा है कि मंत्री श्री वर्मा के साथ पटवारियों की लंबित मांगों व समस्याओं को लेकर घंटो चली वार्ता में दोनो पक्षों के बीच मांगों को लेकर सहमति बन गई है। जिसके बाद संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल वापस लिए जाने की घोषणा की है। जिसके बाद अब बीते 11 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे पटवारी काम पर वापस लौट आए है। पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होने के बाद लोगों के साथ ही किसानो ने राहत की सांस ली है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते राजस्व विभाग का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा था और लोगों को भटकना पड़ रहा था। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा हड़ताल समाप्ती की घोषणा किए जाने के बाद कबीरधाम जिला मुख्यालय कवर्धा के कर्मचारी भवन में बीते 11 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल में डंटे जिलेभर के पटवारियों ने भी अपना डेरा समेट लिया और संघ के जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने बकायदा जिला प्रशासन व अपने विभाग प्रमुख को एक ज्ञापन सौंपकर हड़ताल समाप्त किए जाने की दी।

# धर्म नगरी में निकलेगी महाकाल की भव्य पालकी



■ श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त हो आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त को उज्जैन के तर्ज पर हर हर शंकर जय-जय शंकर सेवा समिति के द्वारा बाबा महाकाल की पालकी शोभायात्रा एवं माताओं बहनों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

पालकी की यह भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी जिसका समापन अंबेडकर चौक में भस्म आरती एवं शाही, आरती प्रसाद वितरण कर किया जाएग। इस धार्मिक आयोजन का प्रथम निमंत्रण के रूप में बूढ़ा महादेव, जानकी रमण प्रभु देवालय, विंध्यवासिनी मंदिर, महामाया मंदिर एवं खेड़ापति हनुमान जी मंदिर के साथ अन्य मन्दिरो में दिया गया।

इसके अलावा कार्यक्रम के आयोजक उमंग पाण्डेय के द्वारा अनंत विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को आयोजन में शामिल होने आमंत्रित किया गया। आयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि श्री शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा भस्म महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन में सैकड़ो युवाओं के द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही है। आयोजको में उमंग पाण्डेय, सौरभ शर्मा, राहुल ठाकुर, लोकनाथ देवांगन, सागर साहू,पुष्पराज सिंह, संस्कार दुबे, राकेश साहू, अमन खुराना, पुरुषोत्तम झारिया, विकास नेताम, शिवशंकर उदय, आदित्य भट्ट, मलेश रोमी, तुषार, दिलेश्वर राजा पाली, उदित शर्मा, धन्नू साहू, अमर यादव, अंशुल श्रीवास्तव, देव दीपेश कुंभकार, गोपाल ठाकुर, गजेंद्र झरिया, गजेंद्र पाठक, गोविंद गुप्ता, गुरु नारायण वर्मा, प्रांजल तिवारी, रुपेश वर्मा, शिवेंद्र निषाद माही दुबे टुकटुक धवलकर सिमरन ठाकुर, नेहा धावलकर विंध्या ठाकुर अंजलि धुर्वे, स्नेहा धावलकर, निशा गंधर्व, पायल, पिंकी, पूर्णिमा, स्नेहा, तृप्ति, संजना, रोशनी लगातार कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## नारियल के पौधों का रोपण एवं प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# कवर्धा में पहली बार लगाए जाएंगे नारियल के पौधे




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नारियाल विकास बोर्ड, कोंडागांव, कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिति के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र नेवारी के सभा कक्ष में नारियल के पौधे का रोपण और प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं उसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिति से जिला समन्यवक दीपक बागरी ने कवीर किसानों का परिचय करवाया एवं किस प्रकार से किसानों की मदद से पर्यावरण अनुकूल खेती अपना कर भूमि के पुनरुद्धार के लिए काम किया जा रहा है उसको विस्तार से बताया गया। नारियाल के पौधों का रोपण कैसे करना है इसकी जानकारी नारियाल विकास बोर्ड कोंडागांव के असिस्ट डायरेक्टर आईसी कोटियार के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि नारियल के पौधों का रोपण कर किसानों को बेहतर लाभ मिल रहा है एवं प्रकृति के अनुकूल भी है। उन्होंने नारियल विकास बोर्ड की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं किस मौसम में कैसे रख रखाव रखना है उसको बताया। सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग आरएन पाण्डेय द्वारा बताया गया कि कैसे हम अंतरवर्ती फसल ले सकते है उन्होंने किसानो को नारियल के बिच में किस प्रकार की फसल ली जा सकती है और किन किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की किसानो को नारियल के बिच में दलहनी फसल लेने को कहा क्योंकि दलहनी फसल नारियल के लिए सहायक फसल साबित होगी क्योंकि दलहनी फसल अपने जड़ में नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करती है जो नारियल के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने किसानो के पूछने पर आंवला फलन में परेशानी क्यों होती है उसके कारण को बताया और किसा प्रकार हम उसको ठीक कर सकते है के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने बताया की एक सिंगल नारियल के पेड़ में फूल लगने के बाद वो क्यों झड जाती और फलती नहीं के कारणों को बताया और बताया की उसे किस प्रकार ठीक किया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए किसानो के सामने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया की किसान अपने खेत में किस प्रकार रिचार्ज पिट बनवा सकते है।

### चिमरा स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में कक्षा छठवीं से आठवीं तक पढ़ने वाले बच्चों को आपस में जोड़ने व जिम्मेदारियां का निर्वहन करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री रोशनी, शिक्षा मंत्री धनंजय साहू, वित्त मंत्री गजेंद्र साहू, खेल मंत्री योगेश्वर साहू, कानून व सुरक्षा मंत्री रामकरण पटेल, स्वास्थ्य व स्वच्छता मंत्री फुलेश्वरी साहू, पर्यावरण मंत्री कुमारी भारती साहू, कृषि व उद्योग मंत्री नेतराम पटेल व विद्यालय में अध्यनरत 80 छात्रों को सदस्य बनाकर एवं वार्षिक कार्य योजना बनाकर उन्हें विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहायक जिम्मेदारियां देकर शपथ दिलाई गई।

# जिले में ब्लॉक स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## विद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में गुरूवार को शालेय विकासखंड स्तरीय सॉफ्टबॉल मिनी, जूनियर व सीनियर वर्ग बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कवर्धा के अशोका पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, स्वामी करपात्री जी विद्यालय, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, होली क्रास, होली किंडम, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सभी विद्यालयों से लगभग 120 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया व शानदार प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। साथ ही साथ सभी खिलाड़ियों व अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां नाम के तहत पौधरोपण किया गया, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे और आने वाला समय खुशहाल रहे। प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की इस कार्यक्रम के मुख्यअथिति महामंत्री भाजपा शहर राजा पीयूष टाटीया, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, रितेश देवांगन, जिला सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू, ब्लॉक प्रभारी जेवियर इक्का, व्यायाम शिक्षक आदित्य द्वेदी, हर्ष खुराना, पत्रिका ब्यूरोचीफ यशवंत झारिया, मो.तस्लीम आरिफ व सभी विद्यालयों के व्यायाम शिक्षको का आगमन हुआ था, जिनके द्वारा इस प्रतियोगिता में आए हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### देवरी में जन-जागरूकता रैली निकाली गई



**हरिभूमि पिपरिया।** गुरूवार को शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में मौसमी बीमारी मलेरिया, डायरिया, डेंगू और सर्प दंश के बचाव के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें मलेरिया जन जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाएं सहित ग्रामवासी गण उपस्थित हुए। रैली में जन-जागरूकता स्लोगन हम सब ने ठाना है, मलेरिया को मिटाना रैली निकालकर ग्रामवासियों को जन -जागरूक किया गया। इस जन जागरूकता रैली में प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया की डायरिया, मलेरिया, डेंगू, सर्पदंश से कैसे बचे, क्या करे, इस पर परि चर्चा किया गया साथ ही साथ शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें अजित यादव, धर्मराज, बिंद्धु, सुनीता, रूखमणी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।











HAPPY BIRTHDAY
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हम सबके लाडले भैय्या
छ.ग. के उप मुख्यमंत्री मा. विजय शर्मा जी
का आज शुभ जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मनोज बंजारे
अध्यक्ष सरपंच संघ
जनपद पंचायत कवर्धा
दिनेश चन्द्रवंशी
सासंद प्रतिनिधि ज.पं. कवर्धा
श्रीमती इंद्राणी चन्द्रवंशी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा
विरेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा
गोलू दिवाना
सरपंच
ग्राम पंचायत बरदुली
रामप्रसाद चन्द्रवंशी
सरपंच
ग्राम पंचायत कान्हाभैरा
राघेन्द्र संगीता परिहार
सरपंच
ग्राम पंचायत खैरवार
श्रीमती तारेश्वरी राजपूत
सरपंच
ग्राम पंचायत हिरापुर
सुरेश भगवती साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत पर्नेका
मनोज सरस्वती सिन्हा
सरपंच
ग्राम पंचायत तमरुवा
कुलेश्वर निर्मलकर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बहरमुड़ा
हेमंत साहू
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत मंजगांव
फागुराम
सरपंच
ग्राम पंचायत ज्ञानपुर
अशोक कश्यप
सरपंच
ग्राम पंचायत सोनबरसा
सरोज चन्द्रकार
सरपंच
ग्राम पंचायत दुधिया
जयराम साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत डेहरी
हुमेंन्द्र साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत मक्के
रामखिलावन
सरपंच
ग्राम पंचायत कोसमंदा
अनिल काठले
सरपंच
ग्राम पंचायत जेवड़न
जितेन्द्र चन्द्रवंशी
सरपंच
ग्राम पंचायत लघनपण्डरिया
विनीत : सरपंच संघ जनपद पंचायत, कवर्धा


किसान के मितान अउ ओखर जुबान जन प्रिय नेता
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को
जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
डा. रमन सिंह
अध्यक्ष
छ.ग. विधानसभा
HAPPY BIRTHDAY
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मंडल अध्यक्ष गण
मा. संतोष पाण्डेय
सांसद राजनांदगांव, कवर्धा
जिला पंचायत सदस्य गण
श्रीमती सुशीला भट्ट
अध्यक्ष
जिला पंचायत कबीरधाम
रामकुमार भट्ट
प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम एवं
जिला पंचायत सदस्य
शुभेच्छु: भाजपा जिला पंचायत सदस्य परिवार कबीरधाम


जन नेता, युवा हृदय सम्राट
ईश्वर से प्रार्थना है कि आप दीर्घायु हो और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें
इसी मंगलकामना के साथ...
श्री विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
( कवर्धा विधायक )
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
श्रीमती इंद्राणी चन्द्रवंशी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा
दिनेश चन्द्रवंशी
सांसद प्रतिनिधी ज.पं. कवर्धा
विनीत :- इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)